हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live


बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार


संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 295 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 08 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया


## चलती हुई मारुति वेन में आग लगी



**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सीतामऊ फाटक वाली ओवर ब्रिज से पहले रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने एक चलती हुई मारुति वेन कार में आग लग गई। आगजनी की घटना पर आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, उधर वेन में सवार लोगों ने कार से कूद कर खुद की जान बचाई। बताया गया है वेन में सात-आठ जने सवार थे, सभी लोग खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए गए थे, वापिस में लौटते समय आगजनी की घटना हुई। सभी पशुपतिनाथजी मंदिर दर्शन हेतु जा रहे थे। मामले में समय पर रहते आग पर काबू पाने से हादसे की आशंका टल गई। आगजनी का कारण शार्ट सर्किट होना बताया गया है। आग को काबू करने के लिए रिलायंस पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों ने योगदान दिया, उन्होंने अग्निशमन सिस्टम की मदद से आग को बुझाया।

### कलेक्टर कोई भी आए, नापतौल विभाग के जिम्मेदारों की निष्क्रियता बरकरार...

# ऑफिस के अंदर नापतौल, बाहर गड़बड़ी!

### अपने वालों से कांटे सुधारने के शुरू किए कामकाज, ठगे जा रहे उपभोक्ता

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में चाहे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा हो या फिर चाहे कांटा बांट सभी जगह उपभोक्ताओं को आंखों के सामने ठगा जा रहा है। सामान कम तौल कर दुकानदार धोखाधड़ी कर रहे हैं। यह सिलसिला लम्बे समय से चला आ रहा है। कलेक्टर कोई भी आए, इसके बाद भी नापतौल विभाग के जिम्मेदारों की सुस्ती बरकरार है। विभाग द्वारा खानापूर्ति के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं और प्रकरण भी बनाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में नापतौल में बड़ी गड़बड़ियां करने वाले धोखेबाजों पर आज तक नकेल नहीं कसी गई है। यूं भी कहा जा सकता है कि ऑफिस के अंदर नापतौल विभाग संचालित है और बाहर गड़बड़ी की उम्मीद बलवती होती जा रही है। अपने वालों से इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा सुधरवाने की जद्दोजहद भी जारी है। वर्तमान में राखी का त्यौहार भी सन्निकट है, ऐसे में नापतौल विभाग की सक्रियता दिखने की जनमानस की मांग है।

कानून के तहत उपभोक्ताओं के लिए तरह-तरह के नियम बनाए गए हैं। जिनका पालन कराने के लिए जिन्हें जिम्मेदारी दी गई, है वे ही इस कानून की गलियों से खेलते नजर आ रहे हैं। शहर में ऐसा कोई व्यवसाय नहीं है। जिसमें तौल कांटे का उपयोग नहीं होता हो। दुकानदार कांटे तौल में गड़बड़ी कर उपभोक्ताओं को दिन दहाड़े ठग रहे हैं। ठगी का यह सिलसिला वर्षों से बदस्तूर जारी है। यही नहीं जागरूक उपभोक्ता जब नाप तौल कांटे की शिकायत करता है, तो उस शिकायत को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है। मसलन विभाग की जांच में सब कुछ ठीक ठाक ही मिल रहा है। ऐसे में उपभोक्ता मजबूरन धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। इस बारे में आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी व संबंधित विभाग के अफसरों ने न तो अभियान चलाया है और न ही तौल कांटों की जांच की गई है।

**पेट्रोल पम्पों पर भी होती है अनियमितता**– नापतौल केवल छोटे दुकानदार ही नहीं करते हैं। यह नापतौल पेट्रोल पम्पों पर भी होता है। पेट्रोल पम्प संचालक नाप में गड़बड़ी कर उपभोक्ताओं को कम पेट्रोल भरते हैं, इसकी शिकायतें भी समय-समय पर आती रहती है। बावजूद इसके नापतौल विभाग द्वारा पेट्रोल पम्पों की आकस्मिक जांच नहीं की जा रही है। इससे पेट्रोल व डीजल भरवाने आ रहे वाहन चालक कम ईंधन भरने का शिकार होते जा रहे हैं।

**सराफा मार्केट में भी आज तक नहीं हुई जांच**– नापतौल का सिलसिला सराफा बाजार तक भी पहुंचता है। सराफा बाजार में सोने-चांदी का तौल इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे पर किया जाता है। ऐसे में व्यवसायी द्वारा की जा रही गड़बड़ियों पर नकेल लगाने में किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है। यह और बात है कि सराफा बाजार में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए अलग से तौल कांटा दुकान (धर्म कांटा) बना दी गई है। बावजूद इसके उपभोक्ता लगातार छले जा रहे हैं, जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

**ठेला गाड़ियों पर बांट की जगह पत्थरों का उपयोग**– शहर सहित जिलेभर में ठेलागाड़ी लगाकर दुकानदार सब्जी, फल फ्रूट सहित सभी प्रकार की खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। ठेला गाड़ी दुकानदारों ने तो कांटा बांट की जगह पत्थर का उपयोग करना शुरु कर दिया है। उपभोक्ता को बताया जाता है कि ये पत्थर 250 ग्राम का या आधा किलो का है। जबकि हकीकत में दुकानदार कम तौल कर लगातार उपभोक्ताओं को ठगते आ रहे हैं।

**बक्शे सहित तौली जा रही खाद्य वस्तुएं**– अधिकांश खाद्य वस्तुओं की दुकानों में खाद्य सामग्री बक्शों सहित तौली जा रही है। करीब 50 ग्राम की कांटी उपभोक्ता को लग रही है। राखी का त्यौहार नजदीक है। ऐसे में मिठाई दुकानदार उपभोक्ताओं की आंखों के सामने ही धोखाधड़ी करते नजर आएंगे। कम तौल कर दुकानदार लगातार ठगी की प्रक्रिया अपनाए हुए हैं। कम तौलने का यह सिलसिला सभी ओर है। नापतौल विभाग कार्यालय के अंदर ही नापतौल करता है या त्यौहार के समय बाहर होने वाली गड़बड़ियां पर औचक कार्रवाई करता है, यह भी देखने और समझने वाली स्थिति है।

**तौल कांटे की जांच नहीं होता भौतिक सत्यापन**– कम तौलने की गड़बड़ी के चलते इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे बाजार में आए। इन इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों में भी गड़बड़ी की बातें सामने आती जा रही है। शहर सहित जिलेभर में नापतौल विभाग द्वारा इन तौल कांटों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे कई कारण हैं, जिसमें मिलीभगत एक प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

**इनका कहना**– इस बारे में जब नापतौल विभाग के निरीक्षक भारत भूषण से बात करन की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगी, लोगों को जागरूक रहने की जरुरत...

# सांप का 'कहर', चार को काटा, मासूम बच्ची की मृत्यु

### अलग-अलग घटनाओं में तीन जनों की हालत में सुधार, समय पर ईलाज की होती है जरूरत



**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बारिश के मौसम में नागराज का कहर होने लगा है। सर्पदंश से पीड़ितों की संख्या बढ़ने लगी है। बुधवार को बड़े अस्पताल में सांप के काटने से चार जनें पीड़ित ईलाज कराने पहुंचे, यहां तीन की हालत ठीक है, लेकिन एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची की मृत्यु हो गई है।

पुलिस के अनुसार नाहरगढ़ थाने के तहत ग्राम रणायरा में भीमसिंह पिता उमरावसिंह राजपूत 25 वर्ष अपने खेत में दवाई का छिड़काव कर रहा था। इस दौरान चित्ती(सांप) जानवर ने उसे काट लिया, जिसका उपचार किया जा रहा है। इसके अलावा सुवासरा थाने के तहत ग्राम बोरखेड़ी में लीलाबाई पति कैलादास बैरागी 55 वर्ष बुधवार को ही घरेलू कार्य कर रही थी, तब वह सर्पदंश का शिकार हो गई। पीड़ित लीलाबाई की हालत ठीक है। वहीं, नई आबादी थाने के तहत ग्राम हासली में नेमसिंह पिता कनीराम गुर्जर 50 वर्ष खेत पर कार्य कर रहा था, तब उसे जहरीले जानवर ने काट लिया। तीनों पीड़ितों को बड़े अस्पताल लाया गया था, जहां वे उपाररत होकर खतरे से बाहर बताए गए हैं।

उधर, अफजलपुर थाना पुलिस के अनुसार 5 वर्षीय बच्ची आरती पिता सुखलाल बागरी नई आबादी अफजलपुर में रहती थी। बुधवार को वह और उसके माता-पिता संजूसिंह के खेत पर मजदूरी का कार्य करने गए थे। इस दौरान बालिका आरती को जहरीले जानवर संभवता सांप ने बाएं पांव की अंगूली पर काट लिया। इसका पता चलने पर परिजन व ग्रामीण बालिका को बड़े अस्पताल लेकर आए, यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

#### झाड़-फूंक से समय नष्ट होने पर बढ़ जाती है गंभीरता...

जानकारों की मानें तो कई मामलों में सर्पदंश के शिकार होने के बाद लोग झाड़-फूंक वालों के चक्कर में आ जाते हैं। जबकि इसमें समय लगने पर गंभीर स्थिति बढ़ जाती है। सर्पदंश से शिकार होने पर डॉक्टरी ईलाज समय पर जरूरी है। जानकारों का मानना है कि सांप अनेक प्रकार के होते हैं। किसी में कम तो किसी में ज्यादा जहर होता है। कम जहर वाले झाड़ फूंक या देवरे पर धोक दिलाने के चलते ठीक हो जाते हैं, लेकिन यदि किसी अत्यधिक जहरीले सांप ने काटा तो समय पर उपचार नहीं मिलने पर मृत्यु तक हो जाती है। बता दें कि वर्तमान में बारिश का समय है, ऐसे में लोगों को भी जागरूकता बरतने की जरूरत है। ऐसे स्थान पर भी नहीं जाएं, जहां खतरा मंडराता है, इससे बचने की जरूरत है।

## बस की टक्कर से मेजिक वाहन चालक घायल

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बीपीएल चौराहे पर बुधवार शाम को एक निजी यात्री बस की टक्कर से टेम्पो चालक घायल हो गया, जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार सुनील पिता पन्नालाल खारोल 24 वर्ष खाटू श्याम मंदिर के पीछे इंदिरा कॉलोनी में रहता है, वह टेम्पो यानी सवारी गाड़ी चलाता है। बुधवार शाम को बीपीएल चौराहे पर गाड़ी लेकर पहुंचा था, तब महाशक्ति बस से टक्कर हो गई। घायल सुनील को शरी में अंदरूनी चोट आई है, जिसका ईलाज चल रहा है।

### जिला पंचायत की स्वास्थ्य समीक्षा बैठक में हुआ हंगामा...

# स्टॉफ नर्स का आरोप : छुट्टी सेंशन कराने 15 हजार दिए, फिर 7 हजार मांगे

### कांग्रेस के जिपं सदस्यों ने बताया घोटालों का विभाग

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला पंचायत की बैठक बुधवार को बड़े अस्पताल में हुई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य और जिला स्वास्थ्य अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। जिला पंचायत की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। बैठक के दौरान अपने छह माह के बच्चे को लेकर सिविल हॉस्पिटल की स्टाफ नर्स हेमलता बटवाल पहुंची। उसने आरोप लगाया कि उसने चाइल्ड केयर लिव सीएलएल ली थी। इसके एवज में सिविल सर्जन डॉ. डीके शर्मा के अधीनस्थ कर्मचारी ने 15 हजार रुपए लिए थे।

अब सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी 7 हजार रूपए और मांग रहे हैं। नहीं देने पर पिछले तीन माह से उसकी सेलरी अटका रखी है। स्टाफ नर्स के आरोप के बाद कांग्रेस समर्थित जिला पंचयात सदस्यों ने कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार और घोटालों का विभाग बन गया है। मामले मे सीएमएचओ जीएस चौहान ने बताया कि भ्रष्टाचार जैसा कुछ नहीं है। जो महिला है वह स्टाफ नर्स है, इन्होंने चाइल्ड केयर लिव के लिए आवेदन दिया था। आवेदन नीचे सीएस कार्यालय में दिया था। मेरे पास आवेदन समय से नहीं पहुंचा, इसलिए छुट्टियां स्वीकृत नहीं हुई थी। जैसे ही आवेदन मेरे पास पहुंचा, मैंने छुट्टियां सेंशन कर दी थी। अब लेनदेन वाली जो बात है वह नीचे सीएस कार्यालय की है। उसके लिए जांच करवाते है। मेरे कार्यालय में ऐसा कुछ नहीं हुआ।



## जर्जर मकान: नोटिस चस्पा कर दिया तीन दिन का समय

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सागर में दीवार गिरने से हुए बड़े हादसे के बाद आखिरकार नपा हरकत में आई है। सालों से सिर्फ नोटिस नोटिस का खेल सालों से चला आ रहा है। बारिश की शुरुआत में जनकूपुरा में एक पुराने मकान की दीवार का हिस्सा भी गिर गया था। ऐसे कई मकान शहर के पुराने इलाकों में मौजूद है। हालांकि अब नगरपालिका ने जर्जर मकान मालिकों के नाम मकान पर नोटिस चस्पा किया है। इसमें तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। जिसमें मकान मालिकों को खुद जर्जर मकान को तोड़ना होगा। जानकारी के अनुसार नपा ने 2015 में 36 जर्जर मकान चिन्हित किए थे। 2016 में 28 एवं 2017 में 15 से अधिक, 2020 में 91 तथा 2021 में 52 और वर्तमान में भी इसके ही करीब मकान जर्जर मिले थे। खानपुरा, शहर किला रोड, जनकूपुरा, धानमंडी, नरसिंहपुरा, गुदरी तोड़ा क्षेत्र, बालागंज, मदारपुरा, बोहरा बाखल सहित अन्य क्षेत्रों में कई जर्जर मकान हैं। नपा हर बार की तरह इनको नोटिस देकर भूल जाती है। बता दें कि शहर सहित जिले में बीते सालों में 4 से अधिक मौतें भी हो चुकी हैं।2

### बुधवार सुबह हल्की धूप खिली, शाम को कुछ देर बारिश से सड़कें भीगी...

# गांधीसागर बांध का जलस्तर 1300 के करीब, 1312 है क्षमता

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जुलाई माह के आखिरी दिनों और अगस्त माह के पहले हफ्ते में हुई बारिश ने जलसंकट समाप्त कर दिया है, वहीं जिले की वार्षिक औसत बारिश के करीब पहुंचने की भी स्थिति में है। यदि बारिश ऐसे ही एक-डेढ़ महीने तक और हुई तो औसत आंकड़ा भी पार हो सकता है। उधर, गांधीसागर बांध का जलस्तर 1300 के करीब पहुंच गया है। बांध की क्षमता 1312 है। वर्ष 2019 में अत्यधिक क्षमता से पानी की आवक होने से गांधीसागर बांध के ऊपर से पानी बह गया था। मंदसौर जिले में हुई उस वर्ष औसत 85 इंच बारिश दर्ज की गई थी।

जिले में बीते दो दिनों में कहीं भी बारिश नहीं हुई। अब तक हुई बारिश में जिले की औसत बारिश का 64 फीसदी कोटा पूरा चुका है। अब तक यहां 21 इंच बारिश हो चुकी है। यह पिछले साल की तुलना में 6 इंच अधिक है।जिले की औसत बारिश 33 इंच है। बुधवार को दिनभर धूप-छांव वाला मौसम रहा। सुबह हल्की धूप खिली तो शाम को मंदसौर में बूंदाबांदी के रूप में बारिश भी हुई। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार मानसून ट्रफ के प्रदेश से ऊपर निकलने और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कमजोर होने से प्रदेश में भारी बारिश का दौर अगले एक सप्ताह थमा रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के ऊपर है। ईस्ट-वेस्ट ट्रफ भी गुजर रही है। ट्रफ साउथ राजस्थान से नॉर्थ केरल तक जा रही है। इस वजह से भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। एक सप्ताह तक ऐसा ही दौर रहेगा। प्रदेश में गरज-चमक की एक्टिविटी बनी रहेगी।जिले में मंगलवार सुबह तक ओवरऑल 535 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। पिछले वर्ष 5 जुलाई तक 379 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। इधर, चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर बुधवार सुबह आठ बजे तक 1299.73 फीट दर्ज किया गया था। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

**कहां, कितनी रही बारिश**–बारिश की बात करें तो मंदसौर 379 मिमी, सीतामऊ - 535 मिमी, सुवासरा - 655 मिमी, गरोठ - 550 मिमी, भानपुरा - 516 मिमी, मल्हारगढ़ - 390 मिमी, धुंधड़का - 478 मिमी, शामगढ़ - 816 मिमी, संजीत - 472 मिमी, कयामपुर - 534 मिमी, भावगढ़ - 555 मिमी बारिश अब तक हुई है।

### निराश्रित गौवंशों की होगी देखभाल, संभालेंगे गैर सरकारी संगठन...

# 18 करोड़ की लागत से मंदसौर जिले में बनेगा गौ अभयारण्य

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के सीतामऊपंचायत के मोरखेड़ा गांव में 18 करोड़ रुपए से गौ अभयारण्य तैयार होगा। जिसमें निराश्रित गौवंशों की देखभाल होगी और इसका जिम्मा उठाएंगे गैर सरकारी संगठन। संगठन आय बढ़ाने के लिए वहां कुछ दुधारू गायों को भी रख सकेगा। मध्य प्रदेश के संभागीय मुख्यालय वाले नौ जिलों में निराश्रित गौवंशीय पशुओं की बेहतर देखभाल के लिए गौ-अभयारण्य बनाए जाएंगे। इन नौ जिलों में मंदसौर भी शामिल है।

**यह गौरक्षा वर्ष है**–राज्य सरकार इस वर्ष को गौरक्षा वर्ष के रूप में मना रही है। इसी कड़ी में यह निर्णय लिया गया है। अभयारण्य निर्माण की योजना की मंजूरी के लिए शीघ्र कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। अभयारण्य ऐसी जगह बनाए जाएंगे, जहां गोवंशीय पशुओं को दिन में चरने के लिए छोड़ा जा सके।

**दुर्घटना का शिकार होते गौवंश**– जिले में हजारों गौवंश निराश्रित है। जिला मुख्यालय पर ही सड़कों पर बड़ी संख्या में गौवंश विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा तहसील और ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या हजारों में पहुंच जाती है। निराश्रित होने के कारण गौवंशीय पशु राजमार्गों में दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं। अभ्यारण्य में क्षमतानुसार पांच से 25 हजार तक गौवंशीय पशु रखे जा सकेंगे। बता दें कि आगर मालवा के सलरिया में एक गो-अभयारण्य पहले से संचालित हो रहा है, जो 472 हेक्टेयर क्षेत्र में बना हुआ है। इसे भी विस्तारित करने की योजना है।

**गोशालाओं से इस तरह अलग होंगे अभयारण्य**–गोशालाओं में गायों को चरने की सुविधा नहीं रहती। अभयारण्य ऐसी जगह बनाए जाएंगे, जहां वह वन में घास चरने के लिए जा सकेंगी। इस क्षेत्र को किसी तरह की फेंसिंग से सुरक्षित किया जाएगा, जिससे गोवंश बाहर न जा सके और न ही उन्हें जंगली जानवरों से खतरा रहे। गोशालाओं में उन गायों को रखा जाता है, जो दूध नहीं दे रही हैं, पर गौ-अभयारण्य में दुधारू गायों को भी रखा जा सकेगा।

**मंदसौर सहित यहां अभयारण्य के लिए प्रस्ताव**–टीकमगढ़ में चरपुंवा, मंदसौर में मोरखेड़ा, पन्ना में शिकारपुरा, अशोकनगर में नडेर, रायसेन में चिखलोद कला, खरगोन में ओखला, सतना में पड़मनिया जागीर, जबलुपर में देहरीकलां या देहरीखुर्द और सागर में देवल।

**इनका कहना**–प्रदेश में गौवंश वन्य अभयारण्य बनाने का प्रस्ताव है। जिस अंचल में निराश्रित गोवंश की संख्या अधिक है, वहां अधिक और बड़े अभयारण्य बनाए जाएंगे। यहां गौवंश को दिन में चरने के लिए छोड़ा जाएगा।

**गुलशन बामरा, प्रमुख सचिव, पशुपालन सचिवालय, भोपाल**

## मगराना गांव के एक घर में चोरी, नकदी व गहने उड़ाए

**नाहरगढ़, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मगराना में चोरों ने एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश यहां से नकदी और सोने-चांदी के गहने उड़ा गए। मिली जानकारी के अनुसार डालूराम शिवनारायण पाटीदार के यहां चोरों ने वारदात की। रात्रि में चोर मकान में घुसे। यहां से करीब एक लाख रुपए नकदी और पांच सौ ग्राम चांदी चोरी कर ले गए। इधर सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस मामले में चोरों की तलाश में जुटी है।

### मैदानी रिपोर्ट को लेकर नहीं दिखाते गंभीरता...

# अवैध निर्माण में अधिकारियों की मिलीभगत...!

**तीन विभागों में उलझी अवैध निर्माणों की कहानी**

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। शहर में कई भवनों के निर्माण पर सवाल उठे। निर्माण पूरा भी हो गया और कागजी कार्रवाई भी हो गई। इसमें कहीं न कहीं नपा के अधिकारियों की मिलीभगत और लापरवाही सामने आ रही है। इसका कारण है कि अवैध और नियम विरुद्ध निर्माण रोकने के लिए नपा के नियम को जिम्मेदार नजरअंदाज कर रहे हैं। नपा को भौतिक सत्यापन के बाद कार्य पूर्णता प्रमाणीकरण करना चाहिए। पांच साल से नपा ने निर्माण अनुमति के साथ नामांतरण के कई प्रकरणों को स्वीकृति तो दी लेकिन, जिम्मेदार जांच करना भूल गए। ऐसे प्रकरण में नपा के खजाने में छानबीन, निर्माण अनुमति, नामांतरण के नाम पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा सालाना पहुंचता है। राजस्व विभाग, निर्माण शाखा और इंजीनियर तीन विभागों के बीच प्रक्रिया उलझी होने से अवैध निर्माण रोकने पर कोई ध्यान नहीं देता है।**

शहर में अवैध निर्माण का मुद्दा लगातार सामने आ रहा है। नपा नियमों के मुताबिक निर्माण अनुमति, नामांतरण को लेकर पूरी प्रक्रिया का पालन करती है। इसमें राजस्व विभाग, निर्माण शाखा और इंजीनियर की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। राजस्व निरीक्षक, निर्माण विभाग सुपरवाइजर और इंजीनियर की जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे आवेदन, स्वीकृत नक्शे के साथ मैदानी रिपोर्ट भी लगाएं। नपा आवेदन प्रक्रिया को निपटा तो देती है लेकिन मैदानी रिपोर्ट को लेकर गंभीरता नहीं दिखाती। जिम्मेदार खुद मानते हैं कि जो नक्शे नपा में दिए उसमें सुविधा और जरूरत के मुताबिक कई लोगों ने बदलाव किया है। इसके बाद भी कार्रवाई के नाम पर नपा ठोस कदम नहीं उठा पा रही है।

**यह है एक उदाहरण**–बड़े अस्पताल रोड पर बना पांडव मार्केट बगैर अनुमति निर्माण का सबसे बड़ा उदाहरण है। 2008 में इस भवन में बगैर अनुमति दूसरी मंजिल पर 18 और तीसरी मंजिल पर 26 दुकान बन गई लेकिन नपा के जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। शिकायत पर कार्रवाई की और 2012 में 56 लाख का जुर्माना आरोपित किया।

**कई स्तर पर जांच के बाद तैयार होते हैं प्रकरण**–नामांतरण और निर्माण अनुमति के प्रकरण आवेदन के बाद कई स्तर की जांच के बाद ही तैयार होते हैं। इसके बाद ही नपा निर्णय लेती है। नक्शों के मुताबिक निर्माण हुए या नहीं इसे लेकर इंजीनियर और संबंधित विभाग की रिपोर्ट को देखा जाता है। भौतिक सत्यापन के बाद पूर्णता प्रमाणीकरण जारी नहीं करना गंभीर चूक है। इससे अवैध निर्माण का बढ़ावा मिल रहा है। इसका रिकॉर्ड तैयार करवाकर जल्द ही जांच कराई जाएगी।

**600 से ज्यादा अनुमति होती है जारी, यह है नियम**–नपा द्वारा आवेदन के बाद निर्माण अनुमति दी जाती है तो संबंधित इंजीनियर की जिम्मेदारी होती है वे नजर रखे। आवेदन के बाद एक साल के अंदर ही निर्माण को पूरा मान लेते हैं। इसके बाद नियमानुसार भवन मालिक या नपा इंजीनियर को कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र तैयार कराना चाहिए। न तो भवन मालिक इस ओर ध्यान देते हैं न ही नपा इंजीनियर मौके की जांच के बाद कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करते हैं। नपा नामांतरण के लिए सालाना 800 से ज्यादा और भवन निर्माण के लिए 600 से ज्यादा अनुमति जारी करती है। इसके बाद भी तीन साल में अब तक एक भी कार्यपूर्णता पत्र प्रमाणीकरण जारी नहीं किया। नियम के मुताबिक निर्माण नहीं होने पर नपा ऐसे निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई कर सकती है।

### नपा ने खोजे शहर मेंतलघर, अब नियम अनुसार कार्रवाई की दरकार...

# 71 तलघर मिले, अनुमति केवल 12 के पास

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली की घटना के बाद नपा ने शहर के बेसमेंट का सर्वे किया। इसमें तीन इंजीनियरों ने निरीक्षण किया। जिसमें कुल मिलाकर 71 बेसमेंट शहर में मिले। इसमें अनुमति थी सिर्फ बारह के पास। अब नपा इनको नोटिस जारी करेंगी। इसके अलावा महत्वपूर्ण बात यह है कि तलघरों का उपयोग व्यवसायिक कार्यों में हो रहा है।

**अनुमति ही नहीं ली और बना दिए बेसमेंट**–एमओएस छोड़ने और अतिक्रमण कर भवन की साइज बढ़ाने के मामले हमेशा चर्चाओं में रहते हैं। लेकिन इसमें नोटिस नोटिस का खेल चलता है। अब मामला बेसमेंट का सामने आया है तो पता चला कि बेसमेंट बनाने के लिए अनुमति ही नहीं ली गई। कालाखेत, महू-नीमच राजमार्ग, कालीदास मार्ग, सम्राट मार्केट, आजाद चौक सहित कई जगहों पर बेसमेंट बनाए गए है। नपा ने सिर्फ बारह की अनुमति जारी की। लेकिन 71 बेसमेंट तैयार कर लिए गए। अधिकांश भवन मालिकों ने तो बेसमेंट तैयार कर उसे किराये पर चढ़ा दिया है।

**नहीं हो सकता है व्यावसायिक उपयोग**–किसी भी शहर में भवन निर्माण कैसे होगा, इसका निर्धारण भूमि विकास अधिनियम से होता है। 2012 में जारी संशोधित भूमि विकास अधिनियम की धारा 76 में बेसमेंट के इस्तेमाल को लेकर विस्तृत गाइड लाइन दी गई हैं। इसके मुताबिक बेसमेंट का इस्तेमाल व्यवसायिक कार्यों के लिए सिर्फ कड़ी शर्तों के आधार पर ही किया जा सकता है। यह तभी संभव है, जबकि जिस जमीन पर यह बना है वह कम से कम एक हेक्टेयर क्षेत्रफल की हो। शहर में इतने इलाके में तो एक पूरी कॉलोनी ही बन जाती है। जिन इमारतों में बेसमेंट में दुकान या अन्य कारोबारी गतिविधियां चल रही हैं, वे बहुत छोटे भूखंड में बने है।




# मुख्यमंत्री ने जिले की लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर्व के लिए 6 करोड़ रुपए का शगुन दिया-उपमुख्यमंत्री

## तन मन धन सबसे ऊपर वन, लाड़ली बहनों का आभार सह उपहार कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में संपन्न

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** लाडली बहनों का आभार सह उपहार कार्यक्रम कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कन्या पूजन के साथ किया। कन्या पूजन के पश्चात सरस्वती वंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाई और बहनों का पवित्र पर्व रक्षाबंधन आ रहा है। रक्षाबंधन की दिन भाई-बहन को शगुन के रूप में कुछ राशि देता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के साथ-साथ जिले की सभी लाडली बहनों को शगुन स्वरूप 250 रुपए की राशि प्रदान की है। मंदसौर जिले की सभी लाडली बहनों को 6 करोड रुपए की राशि शगुन स्वरूप प्रदान की जा रही है। आगामी 10 अगस्त के दिन सभी बहनों को लाडली बहनों को एक मुश्त राशि 1500 रू का लाभ प्रदान किया जाएगा। आभार सह उपहार कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, श्री नानालाल अटोलिया, जनपद पंचायत मंदसौर अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मल्हारगढ जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पाटीदार सहित सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, मंदसौर एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती स्वाति तिवारी सहित अन्य सभी अधिकारी, बड़ी संख्या में लाडली बहना, पत्रकार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डा. जेके जैन एवं आभार अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने किया। इस दौरान नपा अध्यजक्ष, जनपद अध्यपक्ष, श्री नानालाल अटोलिया ने भी सम्बोकधन प्रदान किया गया।

**लाडली बहनों को कहीं पर भी हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं**-उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि अब प्रदेश की लाडली बहनों को कहीं पर भी हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं है। वह अपने आप में सक्षम है। लाडली बहन, लाडली लक्ष्मी जैसी योजना से प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। यह देश का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज के समय में हर क्षेत्र में महिलाएं काम कर रही हैं, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां पर महिलाओं ने बेहतर प्रदर्शन नहीं किया हो। ओलंपिक जैसे खेलों में भी महिलाएं आगे बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। सरकार ने महिलाओं के लिए पढ़ने का प्रबंध किया। हर मुश्किल में सरकार हर कदम पर खड़ी है। जब देश में हर व्यक्ति सशक्त एवं आत्मनिर्भर होगा तभी वर्ष 2047 में विकसित भारत होगा। उसके लिए सरकार दिन रात काम कर रही है।

**तन मन धन सबसे ऊप्रर वन**-उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम परिसर में पौधों का रोपण किया। सभी से कहा कि अपनी मां के नाम एक पेड अवश्य लगाए, क्योंकि कहा गया है कि तन मन धन सबसे ऊप्रर वन। पर्यावरण के लिए वन सबसे महत्वपूर्ण है। आज के समय जो प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, उसको वन के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। स्वयं पेड़ लगाए तथा अपने आसपास के पडोसियों को भी पेड लगाने के लिए प्रेरित करें।

**लाडली बहनों ने उपमुख्यमंत्री को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया**-कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा को लाडली बहनों ने राखी बांधकर आशीर्वाद दिया।

**उप मुख्यमंत्री ने टेक होम राशन एवं आजीविका मिशन के इंस्टॉल का अवलोकन किया**-कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटिंग परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लगाई गई इंस्टॉल का उपमुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। यह इंस्टॉल स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित खाद्य सामग्री से तैयार की गई थी। इंस्टॉल में रखी सभी खाद्य सामग्री स्वदेशी निर्मित है। जिसकी उपमुख्यमंत्री ने प्रशंसा की। जिसके पश्चात उप मुख्यमंत्री ने टेक होम राशन इंस्टॉल का अवलोकन किया। टेक होम राशन स्टॉल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाया गया था। टेक होम राशन स्टॉल पर उपमुख्यमंत्री ने राशन से निर्मित खाद्य सामग्री को स्वयं खाया तथा गुणवत्ता की जांच कर प्रशंसा की।

**उप मुख्यमंत्री ने बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया**-कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने बेहतर से बेहतरीन एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने 13 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक लाकर प्रदेश का नाम रोशन किया। 8 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया एवं तीन महिला जिन्होंने दिव्यांगों के हित में सराहनीय कार्य किया, उनका सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर्व एवं रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए देशभक्ति एवं भाई बहन के पवित्र प्रेम से संबंधित गीतों पर प्रस्तुतिया दी गई।

# पावटी में शिकायत पर एसडीएम ने लिया संज्ञान में, सीईओ भी हुए सख्त

## उपयंत्री पहुंचे मौके पर, शिकायतकर्ता की शिकायत पर एक वर्ष बाद जागा प्रशासन

**मनासा, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत पावटी के सरपंच द्वारा किए गए फर्जी वाडे में खेत सड़क योजना में किया अनियमितता का काम चलाए फर्जी मस्टर गांव के ही किसान ने किया खुलासा लगातार पप्पू गायरी पिता राधेश्यान गायरी ने 22/8/2023 से हर विभाग के चक्कर दर चक्कर काट लिए सरपंच भाजपा का चोला ओढ़ कर अपने आप को विधायक अनिरुद्ध मारू का खास बता कर लोगो को डरा धमका कर पंचायत में अनेकों काम फर्जी तरीके से कर खुद को दबंग कहने वाले सहकारी खाद्धन की दुकान समिति के माध्यम से अपनी पत्नी के नाम से लेकर के गोपाल धनगर लोगो को लूट रहा है प्रशासन ने एक वर्ष बाद अब सिकंजा कसा जब पपपुलाल गायरी ने 6/8/2024 को दिया और कहा की मै तुम्हारे नाम से फसी लगा कर आत्म हत्या करूंगा तब जाकर हुए सख्त।

राजस्व अधिकारी एसडीएम पवन बरिया ने कुकडेश्वर टप्पा तहसीलदार को तुरंत सख्त से कार्य की कहा तहसीलदार ने पटवारी आदेशित किया पटवारी ने पहले ही रिपोर्ट बना कर पंचनामा सोप दी है पंचनामे में पप्पुलाल गायरी के निजी भूमि खेत में बताया जनपद पंचायत सीईओ द्वारा सक्त हो कर उपनिरीक्षक उपयंत्री एसडीओ यादव और उपयंत्री अशोक मालवीय को तुरंत मौके पर जाकर किसान के खेत में भरे पानी की निकासी कर आदेशित किया परंतु किसान के साथ अब अधिकारी कर्मचारी द्वारा निराकरण को लेकर एक साल भर बाद अब सक्त हुए है पप्पु गायरी पिता राधेशम गायरी ने बताया कि सरपंच गोपाल धनगर समाज का हो कर इसे चुनाव में बहुत सहयोग और मेहनत कर जिताया जो हमारा परिवार और समाज का नही हुआ वह पैसे को लेकर किसी का नही हो सकता टीएस के माप दंड और बिना किसी मजदूर के फर्जी मस्टर भर कर पैसे निकाले जिसने मेरी निजी भूमि पर मेरे बिना अनुमति के मेरी निजी भूमि में रोड बनाया जब की सहकारी जमीन में केवल जेसीपी खाई लगा कर मेरे खेत में रोड के लिए डाल दिया और दूसरी तरफ मेरे खेत में से भी खाई लगा कर रोड पर डाला मेरी निजी भूमि पर मेरे गांव में उपस्थित नही होने की दशा और मेरे बिना अनुमति बनाया वही इस सरपंच के द्वारा इस रोड में चलाए गए मस्टर और भरे गए मस्टर में कोई मजदूर ने काम नही किया है सब जेसीबी से काम किया गया है। सरपंच सचिव उपयंत्री निरीक्षक एसडीओ उपयंत्री के खिलाफ कोर्ट में मेरे हुई क्षति पूर्ति का मान हानि का केश दर्ज करवा रहा हूं।

**पटवारी रिपोर्ट के अनुसार पंचनामां में निजी भूमि बताई** -उपयंत्री अशोक मालवीय भी ग्राम पंचायत पावटी में सरपंच रोजगार सहायक के साथ बनाए गए रोड के निरक्षण में पहुंचे जहा उन्होंने भी माना की गलत है की किसी के निजी भूमि में बिना अनुमति के ऐसे कार्य नही होते है।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर

**नीमच, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित समस्त योजनाओं की ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया गया है। माह जून 2024 की ग्रेडिंग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा 06 अगस्तर 2024 को जारी ग्रेडिंग में जिला प्रदेश में तीसरे स्थाकन पर रहा है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीइओं श्री गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में नीमच जिला विगत दो वर्षो से अधिक समय से टॉप में बना हुआ है। ग्रेडिंग सिस्टम के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित समस्त योजनाओं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत, सीएम हेल्पलाईन एवं जिला स्तर पर जनपद पंचायत ग्रेडिग के आधार पर जून 2024 की जिलेवार एवं संभागवार प्रगति का आकलन ग्रेडिंग प्रणाली से किया गया। शासन की योजनाओं की लक्ष्यरपूर्ति समय सीमा में करने तथा विभिन्न मापदण्डों के आधार पर प्रत्योक जिले को अंक दिए जाकर रैकिंग का निर्धारण किया जाता है, अंको के आधार पर ओवरऑल नीमच जिले की ग्रेडिंग अ+, 05 में से 4.38 औसत अंक प्राप्तद कर प्रदेश में जिला तृतीय रहा। यह जानकारी श्री अरविंद डामोर ने दी है।

## ग्राहक को पीटा, दुकानदार सहित 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राहक के साथ मारपीट करने वाले दुकानदार के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। कचनारा निवासी कैलाश पिता नाहर बागरी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं विनोद बागरी की दुकान पर सामान लेने गया था, बाकी बचे रुपए वापस मांगे तो गाली-गलौज की व मारपीट करने लगा। साथ ही विनोद का भाई मांगीलाल भी आ गया। दोनों ने मिलकर लात-घुसों से मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।



## विधि महाविद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अतिथिगण द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष व पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रघुवीर सिंह चुण्डावत द्वारा भी विद्यार्थियों को सफलता प्राप्ति हेतु ब्रह्म मुहूर्त मे उठने सहित कई आवश्यक तरीके एवं मार्ग बताए गए। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रस्टी एवं वरिष्ठ अभिभाषक श्री गोपालकृष्ण पाटिल द्वारा भी विद्यार्थियों को अपना शुभकामनाएँ दी तथा भविष्य में उत्तरोत्तर उन्नति का आर्शिवाद दिया एवं अधिवक्ता व न्यासी श्री पुखराज दशौरा द्वारा अधिवक्ता के आवश्यक गुणों पर प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठन्यासी श्री सुखलाल पाटीदार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नवागत प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाटीदार द्वारा भी सभी न्यासीगणों का स्वागत कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। वरिष्ठविद्यार्थी यशोधर्मन गुप्ता द्वारा भी अतिथि का स्वागत किया गया तथा वरिष्ठविद्यार्थी श्री राजेश गुर्जर द्वारा आभार प्रकट किया गया व वरिष्ठप्राध्यापक डॉ. राजेश कौशिक द्वारा राष्ट्रगान करवाकर कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रवीण कुमार चौधरी द्वारा किया गया।

## जिले के 15 गांवों में राजस्व शिविर आज

**नीमच, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज 8 अगस्त को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक जिले की सभी तहसीलों के 15 ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे है। अधीक्षक भूअभिलेख नीमच ने बताया, कि गुरूवार 8 अगस्त 2024 को राजस्वश महाअभियान के तहत नीमच नगर तहसील के ग्राम पिपलिया बाग व लेवडा, नीमच ग्रामीण तहसील के ग्राम भरभडिया, जावी, छायन, जीरन तहसील के गाँव बमोरा, जावद तहसील के ग्राम किरपुरा कलां, पानोली, सिंगोली तहसील के ग्राम रघुनाथपुरा, बिलखण्डा,, ग्वाकलियरकलां, मनासा तहसील के ग्राम बामनी, धामन्याी, बोरखेडी, रामपुरा तहसील के गाँव मान्या,खेडी में राजस्वर सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है।

# मगरा माताजी मंदिर परिक्षेत्र में सघन पौधारोपण अभियान का शुभारंभ

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण अभियान का आयोजन ग्राम आकोदड़ा स्थित मगरा माता मंदिर के नजदीक में कमल कृष्ण गोशाला परिक्षेत्र में ग्राम पंचायत ओर क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया।




आम जनों को प्रकृति के प्रति प्रेरित करने इस जागरूकता के आयोजन में मंदसौर विकासखंड के दलोदा सेक्टर के ग्राम अकोदडा मे नवाँकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सगवाली ज़न अभियान परिषद मंदसौर व घुमंतू कार्य मालवा प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में एवं ग्रीनको मामटखेडा प्राइवेट लिमिटेड के विशेष सहयोग से पौध रोपण किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के मुख्य आतिथ्य , घुमंतू कार्य मालवा प्रांत प्रमुख रवि प्रताप बुंदेला वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ला कॉलेज प्राचार्य विनोद पाटीदार, जनअभियान परिषद के रूपदेव सिंह सिसोदिया, समाजसेवी राधेश्याम बैरागी सरपंच कारूलाल पाटीदार सरपंच प्रतिनिधि शंकर करजू गौशाला राधेश्याम पाटीदार श्याम सोनी पर्वत सिंह अंजना अमर सिंह आंजना स्कूल प्राचार्य यशवंत जोशी भगवान सिंह आंजना थाना प्रभारी श्रीमती रानी बैग एवं क्षेत्र के गणमान्य जन की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। इस अभियान में क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़-कर हिस्सा लिया इस मुहिम में लगभग 400 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुजानिया ने कहा कि हमें ऐसा कोई समय ना देखना पड़े कि ऑक्सीजन के लिए कंस्ट्रक्टर मशीन हम ढूंढना पड़े यदि आज हम पौधे लगाएंगे तो कल यही वृक्ष बनाकर हमें भरपूर ऑक्सीजन देंगे। आपने कहा कि जन-जन में पौधारोपण और उनके संरक्षण के प्रति भावना पल्लवित होनी चाहिए। श्री रवि प्रकाश बुंदेला ने कहा कि गांव-गांव में पौधारोपण के प्रति जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है बहुत खुशी की बात है कि मगरा माताजी के परिक्षेत्र में संघनपुर रोपन में पंचायत और ग्राम वासियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि हम जो भी पौधे रोकते हैं यह भविष्य में वृक्ष बनते हैं हमें इन वृक्षों का मित्र बनना चाहिए उनकी देखभाल कर इनसे बात भी करना चाहिए इनमें भी जीवन है प्रत्येक पौधा मानव जीवन के लिए उपयोगी होता है। ला कॉलेज के प्राचार्य विनोद पाटीदार ने कहा कि वर्तमान समय में पौधे रोपने से बड़ा कोई पुण्य कार्य दूसरा नहीं। ये पौधे ही कल वृष बन कर हमारे जीवन रक्षक बनेंगे।सरपंच कारुलाल पाटीदार ने कहा कि 1100 पौधे लगाने का हमने लक्ष्य रखा है।प्रत्येक पौधे को हम वृक्ष का रूप देंगे। पौधारोपण के पूर्व सभी अतिथियों ने मगरा माता जी के दर्शन किए। इस अवसर पर ग्राम वासियों को पौधों के सरंक्षण का संकल्प भी दिलाया गया।

## मराठा सेवा संघ के जिलाध्यक्ष बने अरविन्द नवले

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मराठा सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष श्री आरएस पाटिल ने मन्दसौर में सामाजिक कार्यों के लिये जिलाध्यक्ष पद पर श्री अरविन्द नवले को नियुक्त किया है। अब आगामी दिनों में अरविन्द नवले स्थानीय स्तर पर अपनी कार्य कारिणी का विस्तार करेंगें। जिलाध्यक्ष बनने पर नवले ने बताया सामाजिक कार्य करने का उत्तर दायित्व प्रदेशध्यक्ष के द्वारा मिला है,स्थानीय स्तर पर सामाजिक कार्य कारिणी गठित कर समाज को एक नई दिशा की और ले जायेंगे। श्री नवले के जिलाध्यक्ष बनने पर समाजजनों और उनके इस्ट मित्रों ने बधाई दी।



# विधानसभा क्षेत्र में निजी कंपनियां आदिवासियों और किसानों की जमीनें गलत तरीके से छिनने का काम कर रही है-आर. सागर

## जनसमस्याओं से जुड़े 9 मुद्दों को लेकर 13 अगस्त को मनासा में सर्व समाज करेगा धरना प्रदर्शन

**मनासा, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र में शासन प्रशासन की अनदेखी और क्षेत्र में प्रायवेट कंपनीयों की मनमानी के खिलाफ सर्व समाज द्वारा 13 अगस्त मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पवन बारिया को ज्ञापन सौपेगे।

यह जानकारी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर. सागर कछावा ने देते हुए बताया कि मनासा विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से प्रायवेट लिमिटेड कंपनीयां यहां पर विकास के नाम पर किसानो और आदीवासीयो की जमीने छिनने का काम कर रही है। जिनकी सुनने वाला कोई नही है। शासन प्रशासन भी कंपनीयों के साथ मिलकर आदीवासीयों किसानो को न्याय दिलाने में कोई कार्रवाई नही कर रहा है। इसके साथ ही बिजली विभाग द्वारा गरीबो को मनमाने बिजली बिल दिए जा रहे है। कछावा ने बताया कि मुझे सोशल मिडिया पर क्षेत्र की जनता ने जो समस्यां भेजी है। उन्हे बिंदुवार चिन्हित कर जनसमस्यांओ के हल के लिए सर्व समाज के साथ धरना देकर न्याय की लडाई लडने का निर्णय लिया। जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि धरना प्रदर्शन 9 मुद्दो को लेकर किया जाएंगा। जिसमें प्रमुख रूप से भारी भरकम बिजली बिलो से मुक्ति ,बरसो से कृषि भुमि पर खेती करने वाले किसानो को बेदखल नही किया जाएं। ष्शासन द्वारा जिन किसानो को बीस सुत्रीय कार्यक्रम के तहत: पटटे निरस्त किए गए उन्हे बहाल करे। और जो निरस्त नही हुए है उन्हे भूमि स्वामी घोषित किया जाएं। क्षेत्र में निजी कंपनीयों द्वारा आदीवासी किसानो की जमीनो को नियम विरूद्व नही छिना जाएं। खिमला प्रोजेक्ट में आदीवासी किसानो की जमीन को कलेक्टर के नियम विपरित जमीन विक्रय के आदेश को निरस्त किया जाएं। खिमला ब्लाक में गावं ठान के सर्वे नंबर को निरस्त कर ग्रीन को दिया गया उसे निरस्त करने की कारवाई कर ग्रामीणो को दिया जाएं। मुख्यमंत्री के आदेश के है कि रजिस्ट्री के साथ नामांतरण होना चाहिए। लेकिन पटवारी आदेश के विपरित किसानो से नामांतरण बटवारे के नाम खुली लुट कर रहे है। जिसे तत्काल प्रभाव से बंद किया जाएं। विधानसभा क्षेत्र में निजी कंपनीयो ने जिन किसान परिवारो की जमीने छिनी है उन परिवारो के सदस्यो को योग्यता के अनुसार स्थाई नौकरी दी जाएं। वही खिमला ब्लाक के किसानो की जमीने ग्रीन को कंपनी ने खरीदी है उन सभी जमीनो की रजिस्ट्री एक ही सर्विस प्रोवाइडर द्वारा की गई जिसकी जांच हल्के के पटवारी को हटाकर की जाएं। कछावा ने कहा कि जनसमस्यां और जनहित के मुददे को लेकर 13 अगस्त को विधानसभा क्षेत्र के सभी किसान भाई युवाजन एंव सर्व समाज ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय पहुचकर न्याय की इस लडाई में सहभागीता निभाएं।



## सलाद सजाओ प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर मंदसौर में बालिका शिक्षा के अंतर्गत सलाद सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह प्रतियोगिता बालिका शिक्षा विभाग के श्रीमती लज्ञा भटनागर श्रीमती उमा सोनगरा दीदी द्वारा आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक की बहनों ने सलाद सजाकर थाली तैयार की व प्रतियोगिता में भाग लिया निर्णायक में विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष जी यादव शिशु वाटिका की दीदी श्रीमती सोनल मिण्डा व सुश्री प्रियांशी हल्कारा दीदी द्वारा निर्णय किया गया।



## निर्माणाधीन सड़कों का प्रशासन संज्ञान ले-गुर्जर

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ग्राम शक्कर खेडी में सड़क बनाने के लिए खोदी गई खाई में ट्रैक्टर गिरने से किसान चैन सिंह दांगी की मृत्यु का दु:खद समाचार मिला। इस सम्बंध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व महामंत्री महेन्द्र सिंह गुर्जर ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है कि बारिश के मौसम में जिले भर में कई स्थानों पर निर्माधीन सड़कों की यही स्थिति है। कृपया ऐसी सड़को का तत्काल संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही कर आमजन को राहत पहुचांने की कृपा करें। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नही हो सकें।



## टूटी पदक की आस



विनेश ने लगाया
दंगल का दाव
विश्व विजेता के
उखड़ गए पांव।
टोक्यो ओलंपिक
का खोटा सिक्का
पेरिस ओलंपिक में
था गोल्ड पक्का।
विनेश ओवरवेट
पूरा देश निराश
सौ ग्राम के कारण
टूटी पदक की आस।

-नंदकिशोर राठौर, मंदसौर



## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज मंदसौर में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय की एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. इकाई द्वारा दिनांक 07 अगस्त 2024 को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के अन्तर्गत विद्यार्थियों को तम्बाकू एवं मादक द्रव्यों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने उपस्थित एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के कैडेटस को जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद का सेवन न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने कहा कि समस्त विद्यार्थी समाज को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों से दूर रखने के लिए प्रेरित करें।


दिनांक 08 अगस्त 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

जन्म कुण्डली में प्रबल सूर्य..?



✲ यदि आपकी जन्मकुंडली में सूर्य प्रबल हो तो आपके अंदर आत्म विश्वास बहुत ज्यादा होगा, पैतृक सुख एवं सम्पत्ति अच्छी रहेगी, आपके अंदर ठाने हुए कार्य को सम्पन्न करने कि एक जिद्द होगी अर्थात अति आत्म विश्वास की वजह से आप कठिन से कठिन काम आसानी से कर सकेंगे, तथा आपका अहंकारी स्वभाव दिखेगा।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720



पंजी क्रं.-डीआर/एमडीएस/1055/03.07.2014

**राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. मन्दसौर (म.प्र.)**

क्रमांक/राज./कार्या./गृ./नि. मंदसौर दिनांक 07-08-2024

**✲✲✲ विज्ञप्ति ✲✲✲**

राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. मंदसौर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के निर्वाचन हेतु सभी सदस्यों के मोबाईल नंबर एवं आधार नंबर की अतिआवश्यकता है।

विज्ञप्ति के सात दिवस में समस्त सदस्यों को अपना आधार कार्ड की स्वयं सत्यपित छाया प्रति, मोबाइल नंबर सहित संस्था कार्यालय 114, कर्मचारी गृह निर्माण कालोनी, हर्ष विलास के पास, मंदसौर में प्रस्तुत सुनिश्चित करें।

प्रबंधक
बलवंत राव मोरे
मो-9827506933

प्रशासक
श्री दीपकजी आर्य
मो-8770316385


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 16 | 2436 | 2508 |
| उडद | 1 | 6811 | 6811 |
| सोयाबीन | 5000 | 3600 | 4430 |
| गैहु | 4600 | 2555 | 3333 |
| चना | 379 | 6382 | 7031 |
| मसुर | 201 | 5400 | 6116 |
| धनिया | 210 | 5000 | 6300 |
| लहसुन | 12300 | 6000 | 19000 |
| मैथी | 800 | 4600 | 5711 |
| अलसी | 700 | 5000 | 5711 |
| सरसो | 414 | 4800 | 5229 |
| तारामीरा | 13 | 4281 | 4351 |
| इसबगोल | 101 | 10002 | 12500 |
| प्याज | 1500 | 1000 | 3258 |
| कलोंजी | 10 | 16751 | 18201 |
| डॉलर | 17 | 9500 | 11999 |
| तिल्ली | 102 | 10100 | 11999 |
| मटरसुखी | 000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 37 | 8700 | 10730 |

# प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

## ग्राम पंचायत स्तर तक स्वतंत्रता दिवस आयोजन संबंधी निर्देश हुए जारी




**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिये सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजन संबंधी निर्देश जारी किये गये है। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2024 को भोपाल के लाल परेड गाउण्ड पर आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुबह 9 बजे के पूर्व शौर्य स्मारक में पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाल परेड ग्राउण्ड पर ध्वजारोहण कर प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। लाल परेड ग्राउण्ड पर पुलिस. एस.ए.एफ., सी.आई.एस.एफ.. जेल गार्ड, होम गार्ड, एनसीसी एवं स्काउड गाइडस की संयुक्त परेड आयोजित की जाएगी। संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया जाएगा।

**जिला स्तरीय आयोजन**–सामान्य प्रशासन विभाग केनिर्देशानुसार जिला स्तर पर विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री, कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। पुलिस, होमगार्ड्स, एसएएफ, एनसीसी इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश की जनता केनाम संदेश का वाचन किया जाएगा।

**जनपद और ग्राम पंचायत स्तरीय आयोजन**–जनपद पंचायत मुख्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पालिका/नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है. उनमें नगर पालिका/नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और समारोह में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया जाएगा।

**शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं पर आयोजन**–सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में पूर्व वर्ष के अनुसार सुबह 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तत्पश्चात् सांस्कृतिक / साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी शिक्षण संस्थाओं में मौसम का ध्यान रखते हुए प्रातः काल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज, स्कूल खेल कूद, अन्य प्रकार के कौशलों का प्रदर्शन अन्तर्विद्यालय, अन्तर महाविद्यालयीन स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिताएँ, स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चुने हुए छात्र-छात्राओं द्वारा वार्ता, राष्ट्रीय एकता, लघु बचत, जनसंख्या स्थिरीकरण, स्वच्छता अभियान एवं पुरस्कारों / प्रमाण पत्रों / मेडल आदि का वितरण इत्यादि कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। पौद्य-रोपण के का कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्कूल/कॉलेजों में जिला/संभाग एवं राज्य स्तर पर राष्ट्रीय एकता के समूह गान आयोजित किये जायेंगे। जिला मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

**शासकीय संस्थाएँ दो दिन रोशनी से जगमगाएंगी**–स्वतंत्रता दिवस-2024 के अवसर पर प्रदेश में स्थित मुख्य सार्वजनिक भवनों एव राष्ट्रीय महत्व की इमारतों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

**शहीदों का होगा सम्मान**–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित कर शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि घर जाकर शॉल और श्रीफल से सम्मानित करेगें।

# डोडाचूरा तस्कर को 4 वर्ष की सश्रम कैद, अर्थदण्ड भी



**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश महोदय एन.डी.पी.एस. एक्ट मंदसौर द्वारा विजय पिता कमल मालवीय, उम्र 35 साल निवासी- खाखरियाखेड़ी, थाना नारायणगढ़, जिला मंदसौर को डोडाचूरा तस्करी करने का दोषी पाते हुए 4 वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 27.08.2017 को थाना नारकोटिक्स सेल की निरीक्षक दर्शना मुजाल्दे को मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी विजय मालवीय अपने हाथ में एक लाल-काले रंग का बैग जिसमें पीसा हुआ डोडाचूरा भरा है को लेकर यात्री प्रतिक्षालय एम.आई.टी. चैराह मंदसौर में खड़ा है, विजय ने नीले रंग की शर्ट तथा जींस पहनी हुई है यदि तत्काल घेराबंदी की जाय जाए तो आरोपी को पकडा जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने से निरीक्षक दर्शना मुजाल्दे मय फोर्स के यात्री प्रतिक्षालय एम.आई.टी. चैराह मंदसौर के पास पहुचे जहां पर मुखबिर सूचना के मुताबिक हुलिए का व्यक्ति खड़ा दिखा था, जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा तथा नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विजय मालवीय होना बताया था तत्पश्चात उसे मुखबिर सूचना से अवगत कराया और तलाशी ली गई आरोपी विजय के दाहिने हाथ में लाल-काले रंग का बैग था जिसकी चैन खोलकर देखने पर उसके अंदर पारदर्शी पॉलिथीन की थैली में पिसा हुआ डोडाचूरा जैसा पदार्थ भरा हुआ दिखा, जिसकी जांच करने पर डोडाचूरा पाया गया। आरोपी के पास मिले मादक पदार्थ का तौल किया गया तो कुल वजन 17 किलो 500 ग्राम होना पाया गया। आरोपी से उक्त मादक पदार्थ के परिवहन के संबंध में लायसेंस का पूछा गया तो उसके पास कोई लाईसेंस होना नही बताया गया। मौके पर आरोपी को गिरफतार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया, आरोपीगण के विरूद्ध पुलिस थाना नारकोटिक्स सेल में अपराध क्रमांक 19/2017 की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया तथा अनुसंधान पूर्ण करने के पश्चात् आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन एडीपीओ दीपक जमरा द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर कालाखेत समस्या के निराकरण का अनुरोध किया-जैन

## साठिया समुदाय को पुनर्स्थापित कर पट्टे और आवास प्रदाय कर कालाखेत परिसर को अतिक्रमण से मुक्त करें



**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विधायक विपिन जैन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से उनके निवास पर मुलाकात कर कालाखेत स्थित शॉपिंग कंपलेक्स पर वर्षो से साठीया समुदाय द्वारा अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटाने के संबंध में चर्चा कि जैन द्वारा चर्चा कर अनुरोध किया गया कि प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में शासकीय संपत्तियों से अतिक्रमण को हटाकर उन्हें मुक्त कर रही है तो फिर मंदसौर में यह कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है जैन ने कहा है कि कालाखेत स्थित शॉपिंग कांप्लेक्स और उसके आसपास के स्थान पर साठीया समुदाय के द्वारा अवैध रूप से वर्षो से कब्जा कर रखा है जिसके कारण क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं वही नगर पालिका द्वारा निर्मित दुकान भी कब्जे में होने के कारण उसे क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है। श्री जैन ने मांग की है कि शासन शीघ्र ही साठीया समुदाय के लोगों से कालाखेत शॉपिंग कांप्लेक्स और परिसर को अतिक्रमण से मुक्त करें इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से भी कालाखेत को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग की थी जैन द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पशुपतिनाथ लोक निर्माण के दूसरे चरण की राशि, शिवना नदी में जलकुंभी एवं कचरा संग्रहण हेतु मशीन की स्थापना, शिवना नदी पर घाट निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने हेतु भी मांग की गई। वही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात कर मंदसौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृति और कालाखेत अतिक्रमण की समस्या को लेकर भी चर्चा कि गई देवड़ा द्वारा अस्वस्थ किया गया है कि मंदसौर उनका भी गृह जिला है मंदसौर के विकास के लिए जो भी कार्य होंगे उन्हें अवश्य स्वीकृत किए जाएंगे।

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से की मुलाकात**–पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से भी मुलाकात कर विधानसभा कि ग्राम पंचायतो में मांगलिक भवन स्वीकृत करने के संबंध में चर्चा कि जैन द्वारा मंदसौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गठित नई ग्राम पंचायतो में पंचायत भवन स्वीकृति, पद सृजीत कर सचिव और रोजगार सहायकों की नवीन नियुक्तियां करने की मांग भी की और क्षेत्र सहित प्रदेश की पंचायत में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु अनुरोध कर महत्वपूर्ण सुझाव दिए जैन द्वारा अनुरोध किया की पंचायतो में स्वच्छता अंतर्गत 15 वे वित्त से कचरा संग्रहण हेतु डीजल वाहन खरीदने की अनुमति प्रदाय कि जावे, ग्राम पंचायत को दुकाने निर्माण करने का अधिकार दिये जावे ताकि पंचायत की आय बड़े सके, ग्राम पंचायतो में खेल मैदान कि अनिवार्यता, मनरेगा अंतर्गत खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर उन्हें मानदेय देने, ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना आदि सुझाव को देकर अनुरोध किया है वही जैन द्वारा अपने सरपंच कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत दलौदा चौपाटी में किए गए विकास कार्यो र्से भी अवगत कराया जिसमें पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा उनके कार्यो र्की सराहना भी की गई जैन द्वारा उन्हें दलौदा चौपाटी आने का निमंत्रण भी दिया मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा आश्वास्त किया गया कि उनके द्वारा जो भी समस्याएं बताई गई है उनके शीघ्र निराकरण किया जाएगा और कहा कि वह आगामी समय में ग्राम पंचायत दलौदा चौपाटी का दौरा करने का भी प्रोग्राम बनाएंगे।

**लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से की मुलाकात**–क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सड़क निर्माण के प्रस्ताव प्रेषित कर आगामी अनुपूरक बजट में विधानसभा क्षेत्र की सड़कों को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया। वहीं पूर्व बजट में मंदसौर को 8.50 करोड़ की सड़कों की स्वीकृति हेतु धन्यवाद भी दिया जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से भी भेट कर शिवना नदी पर बांध निर्माण और टोलखेड़ी बैराज की स्वीकृति के संबंध में अनुरोध किया है मंत्री द्वारा आश्वात किया गया है कि शीघ्र ही उनकी जो भी मांगे हैं उनका परीक्षण करवा कर स्वीकृति हेतु कार्यवाही की।



# ट्रेक्टर पलटने से युवक की मृत्यु

**नाहरगढ़, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के तहत ग्राम शंकरखेड़ी जागीर में ट्रेक्टर पलटने से एक युवक की मृत्यु हो गई है। पुलिस के अनुसार ग्राम शंकरखेड़ी जागीर में युवक चैनसिंह डांगी ट्रेक्टर लेकर खेत में दवाई छिड़कने जा रहा था। इस दौरान ट्रेक्टर अनबेलेंस होने पर पलटी खा गया, दबने से युवक चैनसिंह की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# नगर पालिका ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**नीमच, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ टीम ने बुधवार को शहर में दो अलग-अलग स्थान पर अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई। इस कार्रवाई के दौरान नीमच नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ टीम के द्वारा शहर की सब्जी मंडी में पक्की दुकानों के पास खाली पड़ी जगह पर अवैध तरीके से किए गए अधिग्रहण पर बुलडोजर चलाया गया।इसी तरह शहर के उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 2 के सामने कुछ दिन पहले राखी अवैध गुमटी को भी हटाया। नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ टीम ने यह कार्रवाई सीएमओ महेंद्र वशिष्ठके आदेश पर की।कर्मचारी हेमंत कलोसिया ने बताया कि कार्रवाई नगर पालिका सीएमओ के महेन्द्र वशिष्ठ निर्देश पर की गई है। इस तरह के अवैध अतिक्रमण को निरंतर कारवाई जारी रहेगी।

# मत्स्य महासंघ प्रबंधक को पीटा, 3 मछुआरों पर शासकीय काम में बाधा का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिबंध के बावजूद मछली पकड़ने व रोकने पर मप्र मत्स्य महासंघ प्रबंधक के साथ मारपीट कर शासकीय काम में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। मप्र मत्स्य महासंघ सह. मर्यादित रामपुरा के प्रबंधक दिनेश पिता नटराज ठाकरे ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांधीसागर जलाशय में स्पीड वोट से चेकिंग के दौरान संजीत कचहरी के पास मछली पकड़ रहे 8-10 मछुआरों को मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर फेंके। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने संजीत निवासी शाहरुख पिता रुस्तम, सद्दाम पिता रुस्तम व मकबूल पिता यासीन के खिलाफ शासकीय काम में बाध पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

## अवैध खनन परिवहन के प्रकरण में 97.20 लाख की शास्ति आरोपित

**नीमच, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड व्दायरा जिला खनिज अधिकारी जिला नीमच से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार ग्राम सांडिया के सर्वे नंबर 22 रकबा 0.160 हेक्टेयर( 1600 वर्गमीटर) पर अवैध उत्खनन के संबंध में मध्य0प्रदेश खनिज(अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण निवारण) नियम 2022 अंतर्गत प्रकरण में आदेश पारित कर अनावेदक रचना पित मंगेश संघई, निवासी मनासा के विरूद्ध म.प्र.खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण निवारण) नियम 2022 अंतर्गत राशि 97 लाख 20 हजार रूपये शास्ति आधिरोपित की गई है।

# नौवीं-दसवीं के मार्क्स तय करेंगे बारहवीं का रिजल्ट..!

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सीबीएसई बोर्ड एजुकेशन ने शिक्षा को बेहतर बनाने के नए विकल्पों को लेकर तैयारी कर ली है। एनसीईआरटी के परख डिपार्टमेंट को 12वीं बोर्ड के रिजल्ट को स्टूडेंट्स के लिए आसान बनाने की तर्ज पर सुझाव तैयार करने को कहा गया था, इस संबंध में पिछले सप्ताह शिक्षा मंत्री को रिपोर्ट सौंपी गई। इस रिपोर्ट पर अब शिक्षा मंत्रालय विचार कर रहा है। मंथन के बाद ही इसे लागू किया जाएगा।एक्सपर्ट का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत 12वीं में रिजल्ट स्कोरिंग को आसान किया जा सकता है। स्टूडेंट्स के पास चार मौके होंगे। ऐसे में स्कोरिंग का स्ट्रेस कम हो जाएगा। इस नई शिक्षा नीति में कई ऑब्जेक्शन भी आ रहे हैं। इन पर भी विचार किया जाएगा।

**ऐसे तय किया जाएगा रिजल्ट**–सीबीएसई नई शिक्षा नीति लागू करने पर विचार कर रहा है। एनसीईआरटी के परख विभाग ने 12वीं के रिजल्ट को लेकर सुझाव शिक्षामंत्री को सौंपा है।इसमें 9वीं से 15, 10वीं से 20 और 11वीं से 15 प्रतिशत के आधार पर रिजल्ट तैयार करने का सुझाव दिया गया है। वहीं 12वीं का 50 प्रतिशत हिस्सा टोटल रिजल्ट में शामिल करने की सिफारिश की गई है।

# आचार्य प्रफुल्लचंद्रजी का जन्मदिवस आरवी कॉलेज में मनाया

**मनासा, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा जिला नीमच द्वारा आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय जी के जन्मदिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं व्याख्यान कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज नीमच के डॉ.बी.के दानगढ एवं जाजू गर्ल्स कॉलेज नीमच के डॉ हिना हरित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी एवं आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ-चढ का हिस्सा लिया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को उद्बोधन दिया गया जिसमें डॉ.बी.के दानगढ द्वारा डॉ प्रफुल्ल चंद जी के द्वारा किए गए प्रयोग एवं स्वतंत्रता एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए योगदान को विस्तार से बताया वही डॉ हिना हरित ने आचार्य प्रफुलचंद्र जी के जीवन के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को संबोधित किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एम.एल. धाकड, डॉ.बी.के दानगढ, डॉ हिना हरित, कार्यक्रम संयोजक प्रो. पंकज रसानिया प्रो. मुकेश मालवीय, डॉ.जी. के. कुमावत, डा.जितेंद्र अरोलिया प्रो.प्रेरणा शर्मा,प्रो.देवीलाल सुथार सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रो. मुकेश मालवीय, डॉ. स्मिता रावत ने किया वहीं आभार प्रदर्शन डॉ आशीष द्विवेदी ने किया।

# जल से स्वच्छता और पवित्रता की शिक्षा ग्रहण करें-स्वामीसरस्वती

**मंदसौर, 7 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्दस्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।

बुधवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्री आनन्दस्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि हमें चारों ओर आकाश नजर आता है लेकिन आकाश असंग है वह किसी की संगत नहीं करता अच्छा हो या बुरा आकाश हमें मोह माया से दूर असंग रहने की शिक्षा देती है। वहीं जल से हमे कई शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। आपने बताया कि जल का स्वभाव स्वच्छ एवं पवित्र है। बारिश के दिनों में नदियों में मटमैला पानी दिखाई देता है लेकि न जल अपने स्वभाव के अनुकूल गंदगी को नीचे कर छोड देता ओर पुन: स्वच्छ एवं पवित्र हो जाता है। इसलिए हमें जल से स्वच्छता और पवित्रता की शिक्षा लेना चाहिए। अच्छा स्वच्छता से अभिप्राय हैं कि शरीर को तो शुद्ध रखों ही मन को पहले शुद्ध करों मन शुद्ध नहीं होगा तो कोई कार्य सफ ल नहीं होगा। क्योंकि जैसा मन होगा वैसी ही आपकी बुद्धि होगी मन का सीधा कनेक्शन बुद्धि से होता है इसलिए मन को शुद्ध रखों मन शुद्ध होगा तो शुद्ध विचार आयें और आत्म कल्याण की राह मजबूज होगी।

**किसी प्रकार के कुविचार मन में मत लाओं**–धर्मसभा में स्वामीजी ने बताया कि अपने मन में किसी प्रकार का कुविचार मत लाओ सभी के प्रति सदभाव रखों प्रेम से बोलो यही जीवन सार है और जिसने जीवन के यह सूत्र अपना लियें उसका जीवन सार्थक हो जाता है। घर परिवार में सुख शांति चाहते हो तो छोटी - छोटी बातों को नजरअंदाज करों बडा मन रखो, सबसे जुडकर रहों और अच्छा सोचो। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कारूलाल सोनी, पं शिवनारायण शर्मा, घनश्याम भावसार, डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ रविन्द्र पाण्डेय, राजेश तिवारी, दिनेश खत्री, रामचंद्र कोकन्दा, राधेश्याम गर्ग, घनश्याम मोदी, भगवती लाल पिलौदिया, जगदीश भावसार, प्रवीण देवडा, आर सी पंवार, मदनलाल देवडा, जगदीश गर्ग सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक LIG A-24 श्री कन्हैयालाल शर्मा पिता श्री मोहनलाल शर्मा को मण्डल द्वारा वर्ष 1985 में आवंटित किया था। भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 04.08.1995 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादन किया गया श्री आवंटी श्री कन्हैयालाल शर्मा पिता श्री मोहनलाल शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 19.02.2010 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती शकुंतला शर्मा पति स्व. श्री कन्हैयालाल शर्मा नामजदगी एवं प्रस्तुत दस्तावेजी के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती शकुंतला शर्मा पति स्व. श्री कन्हैयालाल शर्मा अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड क्रमाक LIG A-24 संजीत मार्ग मंदसौर का नामांतरण श्रीमती शकुन्तला शर्मा पति स्व. श्री कन्हैयालाल शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, मंदसौर**

Email ID - eeresmandsaur@mp.gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक– 05/2024–25**

जावक क्रमांक/1076/ ग्रा.यां.से./वलेलि/निविदा/2024–25 मंदसौर, दिनांक 06–08–2024

म.प्र.के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्र. | ऑनलाइन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निर्माण कार्य की अनुमानित (राशि रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024_RES_360968-1 | 1. आंयुष औषधालय अभिनंदन नगर मन्दसौर में नवीन कक्ष निर्माण, पुराने भवन व बाउण्ड्रीवाल की रंगाई पुताई कार्य जनपद पंचायत मन्दसौर। 2. बेहपुर आयुष औषधालय भवन मरम्मत कार्य जनपद पंचायत मन्दसौर। | 820767 |
| 2. | 2024_RES_360969_1 | 1. गुर्जर बर्डिया आयुष औषधालय भवन मरम्मत कार्य जनपद पंचायत सीतामऊ 2. बसई आयुष औषधालय भवन मरम्मत कार्य जनपद पंचायत सीतामऊ 3. महुवा आयुष औषधालय भवन मरम्मत कार्य जनपद पंचायत सीतामऊ | 386567 |
| 3. | 2024_RES_360970_1 | नावली आयुष औषधालय भवन मरम्मत कार्य जनपद पंचायत भानपुरा | 493593 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 07.08.2024 से देखे जा सकेगें। विस्तृत निविदा सूचना Key Dates तथा अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा संबंधी समस्त संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेगें, केवल वेबसाईट पर देखे जा सकेगें।

कार्यपालन यंत्री
G-14687/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, मंदसौर

**कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ जिला मन्दसौर (म.प्र.)**

क्रमांक 1480/2024 दिनांक 07/08/2024

**✻✻✻ विज्ञापन ✻✻✻**

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित निम्न पदों की पूर्ति के लिये पात्र अभ्यार्थियों से संलग्न प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 23/08/2024 को सायं 5.00 बजे तक डाक से अथवा व्यक्तिश: नगर परिषद नारायणगढ, जिला मन्दसौर के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

| सक्र | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रेल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बीनापन, एसिड, अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सफाई संरक्षक | चतुर्थ | वर्तमान प्रचलित कलेक्टर दर | 0 | 1 | 0 | 0 | पांचवी कक्षा उत्तीर्ण |

**मुख्य शर्तें:–** 1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 2. इस विज्ञापन के जारी होने के दिनांक को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिये। 3. आवेदक का म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 4. आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरूष के लिये 21 वर्ष, महिला के लिये 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो तो उक्त पद के लिये उसे अयोग्य माना जावेगा। 5. प्राप्त आवेदनों की जाँच के बाद मेरिट के आधार पर चुनिदा अभ्यार्थियों को वॉक-इन-इंटरव्यू/साक्षरता के लिये आमंत्रित किया जावेगा। उक्त की सूचना आवेदक की मेल आईडी पर दी जावेगी। 6. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा। 7. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिये। 8. भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी निकाय की वेबसाइटhttp://www.npnarayangarh.com/ कलेक्टर कार्यालय/जिला पंचायत कार्यालय / निकाय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। 9. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे। 10. आवेदन भेजने का पता-मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद नारायणगढ जिला मन्दसौर तहसील मल्हारगढ पिन कोड 458553 11. आवेदन पत्र नियत प्रारूप में नगर परिषद की http://www.npnarayangarh.com/ वेबसाईट से डाउनलोड एवं कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, नारायणगढ़, जिला मंदसौर

**कार्यालय नगर परिषद पिपलियामंडी जिला मन्दसौर (म.प्र.)**

क्रमांक 986/2024 दिनांक 07/08/2024

**✻✻✻ विज्ञापन ✻✻✻**

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित निम्न पदों की पूर्ति के लिये पात्र अभ्यार्थियों से संलग्न प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 23/08/2024 को सायं 5.00 बजे तक डाक से अथवा व्यक्तिश: नगर परिषद नारायणगढ, जिला मन्दसौर के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

| सक्र | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रेल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बीनापन, एसिड, अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सफाई संरक्षक (नियमित) | चतुर्थ | 15500-49000 | --- | 01 | --- | --- | पांचवी कक्षा उत्तीर्ण |
| 2. | सफाई संरक्षक (संविदा) | चतुर्थ | वर्तमान कलेक्टर दर | --- | --- | 01 | --- | पांचवी कक्षा उत्तीर्ण |

**मुख्य शर्तें:– 1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 2. इस विज्ञापन के जारी होने के दिनांक को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिये। 3. आवेदक का म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 4. आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरूष के लिये 21 वर्ष, महिला के लिये 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो तो उक्त पद के लिये उसे अयोग्य माना जावेगा। 5. प्राप्त आवेदनों की जाँच के बाद मेरिट के आधार पर चुनिदा अभ्यार्थियों को वॉक-इन-इंटरव्यू/साक्षरता के लिये आमंत्रित किया जावेगा। उक्त की सूचना आवेदक की मेल आईडी पर दी जावेगी। 6. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा। 7. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिये। 8. भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी निकाय की वेबसाइटnp_pipaliyamandi.com/ कलेक्टर कार्यालय/जिला पंचायत कार्यालय / निकाय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। 9. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे। 10. आवेदन भेजने का पता-मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पिपलियामंडी, तहसील मल्हारगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)पिन कोड 458664**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, पिपलियामंडी, जिला मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in